आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 17.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश के सभी गांवों में मार्च 2025 तक कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करना सरकार का लक्ष्य।
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में 15 लाख करोड रूपये की परियोजनाएं शुरू की गईं।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नाबार्ड के तहत स्वीकृत प्रस्तावों के ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आठवें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन किया।

स्वच्छता ही सेवा 01

प्रदेश के शत प्रतिशत गांवों में मार्च 2025 तक कचरा प्रबंधन का काम शुरू करना राज्य सरकार का लक्ष्य है। देहरादून के परेड मैदान में आज स्वच्छता ही सेवा–2024 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बात कही। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की जा रही है। यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक और दूरदर्शी विजन ने भारत को स्वच्छता के नए आयामों पर पहुँचाया है। पिछले दस वर्षों में देशभर में करोडों शौचालय का निर्माण हुआ और कचरा प्रबंधन के लिए जरूरी सुविधाओं का विकास किया गया। इससे स्वच्छता को लेकर आम लोगों में जागरूकता आयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड स्वच्छता के मामले में सराहनीय प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड को वर्ष 2017 में देश का चौथा ओडीएफ राज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ। अब तक राज्य में कुल 5 लाख 37 हजार से अधिक शौचालय विहीन परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा दो हजार छह सौ से भी अधिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स बनाए गए। नौ हजार से अधिक गांव में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन का कार्य पूरा किया गया है। 77 विकासखंडों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की इकाइयां स्थापित कर ली गई हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम देहरादून सराहनीय प्रयास कर रहा है। नगर निगम द्वारा आमजन की सफाई से सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए स्वच्छता कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जो चौबीस घण्टे संचालित होता है। इसके अलावा सफाई सुनिश्चित करने के लिए आठ टीमों का गठन करने के साथ ही सीसीटीवी से निगरानी जैसे अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वच्छता को दिनचर्या बनाने पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि स्वच्छता को लेकर शासन–प्रशासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन यह प्रयास तभी सफल होंगे जब इसमें जनभागीदारी होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकासखंडों के लिए स्वच्छता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

इससे पहले, श्री धामी ने स्वच्छता ही सेवा–2024, क्रॉस कंट्री मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परेड मैदान परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विश्वकर्मा पूजन किया और सभी को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं दीं।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा–प्रदेश

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत उत्तरकाशी में राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने जिला मुख्यालय के दीनदयाल पार्क में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने श्याम स्मृति वन में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पीपल और बेलपत्र के पौधे रोपे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट

ने नई टिहरी में जिला अस्पताल बौराडी में युवा मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर लगाए गए रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल उपलब्धियां बताई। स्वच्छता पखवाड़े के तहत चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता शपथ के साथ ही स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं हरिद्वार में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगर निगम ने रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मसूरी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विधायक गणेश जोशी ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। देहरादून में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता मित्रों ने अपनी जांच कराई।

## राज्यमंत्री अजय टम्टा

पिथौरागढ़ में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अतिवृष्टि से बाधित सड़कों को खोलने, ट्रॉली और झूला पुलों को ठीक करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में श्री टम्टा ने मानसून के दौरान सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, बीआरओ और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को भूस्खलन से प्रभावित स्थानों को चिह्नित करने को कहा। उन्होंने ऊर्जा निगम को लटकते तारों को ठीक करने, बिजली के पोल का स्टॉक करने और मानसून के दौरान बिजली सप्लाई सुचारु रखने के निर्देश दिए।

## केंद्र सरकार के सौ दिन

नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। इन निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और 2047 तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। श्री शाह ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने आज कहा कि सरकार भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सौ दिन के कार्यकाल की सराहना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले तीन महीनों में मंत्रालय ने डेढ लाख करोड रुपये की रक्षा खरीद की मंजूरी दी है।

## नाराज़गी

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नाबार्ड के तहत स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष लक्ष्य से कम ऋण वितरण पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को ऋण वितरण तथा अदायगियों में तेजी लाने के लिए साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

श्रीमती रतूड़ी ने सचिवालय में नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि पर द्वितीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने पेयजल विभाग को पेयजल सुविधाओं के विकास से सम्बन्धित प्रस्तावों को तत्काल भेजने और नाबार्ड को पेयजल प्रस्तावों को शीर्ष प्राथमिकता पर रखने को कहा। उन्होंने नाबार्ड को निर्देश दिए कि राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विकास के सापेक्ष किसानों की कृषि आय में बढ़ोतरी पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाए।

मुख्य सचिव ने वित्त विभाग को धीमी गति से चल रही सभी परियोजनाओं की एक सप्ताह में समीक्षा करने के निर्देश्ज्ञ दिए। उन्होंने बैठक में विद्यालयी शिक्षा विभाग के मौजूद नही रहने पर विभाग से स्पष्टीकरण लेने को कहा है।

बैठक में अपर वित्त सचिव ने बताया कि उच्चाधिकार समिति द्वारा इस वित्तीय वर्ष में एक हजार अट्ठानब्बे करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन अभी तक विभागों की ओर सिर्फ दो सौ बत्तीस करोड़ रुपए का ही वितरण किया गया है।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल संरक्षण, उन्नत प्रबंधन, विकास तथा वितरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनांदोलन को बढावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज आठवें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने जल संरक्षण और निरंतरता के मुद्दे से निपटने के लिए एकजुट प्रयासों के महत्व का उल्लेख किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत के प्राचीन धर्मग्रंथों में हजारों वर्ष पहले जल संरक्षण का उल्लेख किया गया है।

पितृपक्ष

आज से पितृपक्ष की शुरुआत हो गई है। आज सुबह सवेरे से ही दूर दराज से आए श्रद्धालु बदरीनाथ स्थित ब्रह्म कपाल और हरिद्वार के कुशावर्त घाट और नारायणी शिला मंदिर में पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर कर रहे हैं। मान्यता है कि हरिद्वार में स्थित कुशावर्त घाट में पिंडदान एवं श्रद्धाकर्म करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है । वहीं श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही श्री बदरीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ गयी है। श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही श्रद्धालु बदरीनाथ स्थित ब्रह्म कपाल में पितृ श्राद्ध के लिए पहुंचने लगे हैं। तीर्थयात्रियों ने आज अलकनंदा नदी के तट पर ब्रह्मकपाल में पूर्णिमा श्राद्ध के दिन मध्यान्ह तक अपने पूर्वजों को तर्पण दिया।

एक पेड़ मां के नाम

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मां के प्रति सम्मान और धरती के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का यह एक छोटा सा प्रयास है। राज्यपाल ने सभी लोगों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस मुहिम में सहभागी बनें।

प्रमाण पत्र

हल्द्वानी में सांसद अजय भट्ट ने गृह प्रवेश कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हल्द्वानी, कोटाबाग और भीमताल विकास खण्ड के 5 सौ 68 लाभार्थियों को आवासों के प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस दौरान सांसद ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए हल्द्वानी विकासखंड को पांच लाख रूपये की देने की भी घोषणा की।